सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राज्यों को आपूर्ति

1747. **श्री दिलीप सिंह जुदेव :** क्या **नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1991-92 तथा 1992-93 में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत विभिन्न राज्यों को राज्य-वार दी गई खाद्यान्नों मिट्टी के तेल तथा खाद्य तेलों की मात्रा का ब्यौरा क्या है;

(ख) उन्हे जारी की गई मात्रा में से राज्य-वार कितनी मात्रा उठाई गई तथा कितनी मात्रा नहीं उठाई गई;

(ग) सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत किन-किन वस्तुओं की आपूर्ति मांग से कम मात्रा में की गई तथा किन-किन वस्तुओं की आपूर्ति मांग से अधिक रही; और

(घ) उक्त अवधि के दौरान मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मांगी गई मिट्टी के तेल की मात्रा के मुकाबले वास्तविक रूप से आपूर्ति की गई मात्रा का ब्यौरा क्या है ?

नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री और वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री कमालुद्दीन अहमद) : (क) और (ख) 1991-92 व 1992-93 में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित की गई आवश्यक वस्तुओं के आबंटन तथा उनकी उठाई गई मात्रा के वितरण अनुपत्र सं० में दिए गए हैं । (**देखिये** परिशिष्ट 168 अनुपत्र सं० **30** और **31**) :

(ग) केंद्रीय सरकार राज्यों से प्राप्त मांग केन्द्रीय पूल में उपलब्ध भण्डार राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की पारस्परिक आवश्यकताओं तथा मौसमजन्य कारणों को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिए वितरण हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली की वस्तुओं का थोक में आबंटन करती है । प्राकृतिक आपदाओं आदि के समय विशेष आबंटन भी किए जाते हैं । तथापि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के आबंटन अनुपूरक स्वरुप के होते हैं और उनका प्रयोजन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की समुची मांग को पूरा करना नहीं होता है ।

(घ) 1991-92 तथा 1992-93 के दौरान सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए मिट्टी के तेल के आबंटन में वृद्धि करना सम्भव नहीं था । आमतौर पर मध्य प्रदेश सहित किसी भी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र को उनके द्वारा मांगी गई सम्पूर्ण मात्रा आबंटित नहीं की जा सकी है ।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली संबंधी समिति का प्रतिवेदन

1748. **श्री महेश्वर सिंह :** क्या **नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण** मंत्री 26 जुलाई 1993 को राज्य सभा में तारांकित प्रश्न 2 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को सार्वजनिक वितरण प्रणाली संबंधी पैनल का प्रतिवेदन प्राप्त हो गया है ;

(ख) यदि हां तो कब और उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ?